कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 14.03.2025

विषयः- थाना रामनगर पुलिस द्वारा घातक हथियार के साथ गाली-गलौज करने से सम्बन्धित किशोर अपचारी को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय व श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी महोदय के पर्यवेक्षण व श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में दिनांक 14/03/2025 को थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना के आधार पर अपचारी किशोर के घर कोदोपुर के पास से को कारण गिरफ्तारी बताकर सम्बन्धित मु0अ0सं0-0230/2025 धारा-191(2),191(3),190,333,324(4),109(1), 351(2),352 बी0एन0एस0 में हिरासत पुलिस में लिया गया।

घटना का विवरणः- दिनांक 12/09/2025 को वादिनी मुकदमा द्वारा किशोर अपचारी व 3-4 अज्ञात लोग द्वारा घातक हथियार के साथ घर मे घुसकर गाली गलौज करना व गाड़ी को तोड़ना व जान से मारने की धमकी देते हुए जान से मारने की नियत से असलहा से फायर किये जाने के सम्बंध में थाना रामनगर में मु0अ0सं0-0230/2025 धारा-191(2),191(3),190,333,324(4),109(1), 351(2),352 बी0एन0एस0 में अभियोग पंजीकृत कराया गया। अभियोग उपरोक्त में घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर सूचना के आधार पर बाल अपचारी को उसके घर कोदोपुर के पास से दिनांक 14/09/2025 को गिरफ्तार किया गया व घटना उपरोक्त में संलिप्त अन्य लोगों की पुलिस द्वारा पहचान कर साक्ष्य संकलन के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछः- बाल अपचारी किशोर से पूछताछ करने पर बता रहा है कि दिनांक 12/09/2025 को मेरे द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ व 3-4 अन्य लोग थे जिनका नाम पता मैं नही जानता हूं ,के साथ पूर्व के विवाद को लेकर वादिनी मुकदमा के घर गाली गलौज व फायर किया गया था।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान - दिनांक 14/03/2025 को, कोदोपुर थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण- 01 नफर बाल अपचारी किशोर उम्र करीब 17 वर्ष 10 माह।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण -

1. प्र0नि0 दुर्गा सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री जयप्रकाश सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. हे0का0 उमाकान्त चौबे थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।
4. का0 राहुल सिंह थाना रामनगर कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी